तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 12 मई 2025



14 महाराणा प्रताप चौक का डा. रमन सिंह ने किया लोकार्पण, जयंती पर ...





12 स्कूल तोड़ने परमिशन मिला नहीं और निगम ने ...






## खबर संक्षेप

### गांजा की तस्करी महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा की तस्करी कर रही महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि सडक 11 जोन 01 केनाल रोड छावनी निवासी अकुला मीना उर्फ कर्री उर्फ सुनीता एक्टिवा सीजी 07 सीएच 2876 के साथ 1.200 किलो गांजे के साथ पकड़ी गई। गांजा की कीमत 10 हजार और एक्टिवा 50 हजार रुपए का जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर छावनी पुलिस ने एवेन्यु रोड पावर हाऊस के पास महिला के बारे में जानकारी मिली थी। पुलिस ने घेराबंदी कर तुरंत सुनीता को पकड़ा गया। कार्रवाई में प्रभारी मोनिका पाण्डेय और उनकी टीम का योगदान रहा है।

### मकान का ताला तोड़कर 80 हजार के जेवरात पार

**अमलेश्वर।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धार 305, 331(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि अशोक वाटिका अमलेश्वर डीह निवासी भीमा साहू प्रा.शा. ग्राम अटारी जिला रायपुर में शिक्षक के पद पर है। मकान में ताला जड़कर कालेज दतरेंगा पढाई के सिलसिले में गया था। दोपहर को घर वापस लौटने पर दरवाजे का ताला टुटा पड़ा मिला। मकान के भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। आलमारी और लाकर का लाक टुटा पड़ा था। अज्ञात ने मकान से रखे सोना चांदी के जेवरात, एटीएम कार्ड, पेनकार्ड, चेकबुक समेत रजि. पेपर गायब मिला। चोरी हुए सामनों की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### तेज रफ्तार में बाइक चलाने को लेकर उपजे विवाद में युवक की हत्या, 4 गिरफ्तार

**भिलाई।** खदान में काम करने वाले युवक के हत्या के मामले में पुलिस ने एक महिला और तीन युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को खिलाफ पुलिस ने धार धारा 296,115(2),105,3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता पदमश्री तंवर ने बताया कि छाटा निवासी हरकिशन खुटयारे बाइक से घर की ओर आ रहा था। इस दौरान पड़ोसी नुपुर अपने बच्चे और पति, देवर के साथ सड़क पर बैठी थी। हरकिशन उसके बगल से बाइक चलाते हुए निकला तो नुपुर उसे बोली बाइक कैसे चला रहा है। इसी बात को लेकर हरकिशन के साथ गाली गलौज करने लगे। नुपूर का पति शंकर, उसका भाई प्रदीप और ज्ञानेश्वर भी घटनास्थल पहुंच गए। इस दौरान प्रदीप स्टील का पाइप, शंकर, ज्ञानेश्वर हाथ में डंडा लेकर मृतक के घर पहुंचा। हरकिशन का कॉलर पकड़कर खींचते हुए उसके साथ मारपीट करने लगा। सड़क पर बनी पक्की नाली मे जोर से हरकिशन को ढकेल दिया। जिससे हरकिशन बेहोश हो गया। उसके बाद चारों फरार हो गए।

# बेमेतरा की गोमती यादव का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद हिंदी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल हसदा की रग्बी खिलाड़ी गोमती यादव का चयन राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के लिए छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है। गोमती यादव बेमेतरा जिले से एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिनका चयन छत्तीसगढ़ की 18 वर्ष आयु वर्ग की रग्बी टीम में हुआ है। यह प्रतियोगिता 4 मई से 15 मई तक पटना (बिहार) में आयोजित हो रही है। गोमती यादव पिछले पाँच वर्षों से रग्बी खेल रही हैं और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर कई बार प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उन्होंने अपने खेल कौशल, खेल भावना और अनुशासन से जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया है। गोमती के चयन पर उनके कोच और व्यायाम शिक्षक श्री लोकेश्वर राव ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता में गोमती ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके बाद उनका चयन राष्ट्रीय टीम में हुआ।

■ छत्तीसगढ़ रग्बी टीम का हिस्सा बनीं



स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्रमुख दुष्यंत कुमार परगनिहा, शिप्रा सरकार, व्यायाम शिक्षिका रामेश्वरी साहू तथा ग्राम हसदा के वरिष्ठ जनों ने गोमती को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। ग्राम हसदा के सरपंच चंद्रशेखर परगनिहा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष बलिराम धिवर और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने गोमती की सफलता पर खुशी जताई और उसे आगामी खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। यह सफलता न केवल गोमती यादव के लिए, बल्कि समूचे बेमेतरा जिले के लिए गर्व का विषय है।

पदोन्नति

### जिले की शिक्षा व्यवस्था होगी बेहतर, नए शिक्षा सत्र की तैयारी

# जिले के 49 सहायक शिक्षकों को बनाया गया प्राथमिक शालाओं का प्रधान पाठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी कर जिले के शासकीय प्राथमिक शालाओं में कार्यरत 49 सहायक शिक्षक (एल बी) को पदोन्नत कर उन्हें शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के उपरांत उन्हें काउंसलिंग के द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों में उनकी पद स्थापना की गई है। इस प्रकार जिले के 49 सहायक शिक्षकों को प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इससे नए शिक्षा सत्र में शैक्षणिक सुविधा में इजाफा होगा।

■ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने काउंसिलिंग से पदोन्नत प्रधान पाठकों की पद स्थापना की

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के अनुसार मुरली प्रसाद निषाद सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला चरगवां को शासकीय प्राथमिक शाला मंगलौर बेरला, बरखा चौहान सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला उमरिया को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला कन्हेरा साजा,





### दूरस्थ अंचल की स्कूलों में राहत मिलेगी

इसी तरह किरण कुर्रे सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला खाती को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला करामाल बेरला, तामश्कर कश्यप सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला नवीन कंदई को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला हेड़सपुर साजा, सुरेंद्र पाल सिंह यादव सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बोरिया साजा, जितेंद्र सिंह ठाकुर सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला पुरान को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला उसलापुर बेमेतरा, योगेंद्र कुमार बंछोर सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बांसा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला दर्री साजा, टुकेश्वरी राजपूत सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला उघरा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बोरिया (घिवरी) साजा, ज्ञानेश्वर तिवारी सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला रजकुड़ी को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला ▶▶| शेष पेज 13 पर

राधेश्याम सिंह बैस सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला मगरघटा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मलदा नवागढ़, चैन दास बघेल सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला मुरकुटा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला न डंगनिया साजा, मनोज वर्मा सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला खपरी नं 2 को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मऊ बेमेतरा, अमित गुप्ता सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला देवरी को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला जेवरा साजा, उमेंद्र सिंह रावटे सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला रुसे को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला कन्या परपोड़ी साजा, दुष्यंत कुमार साव सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला काँपा से प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मटिया बेरला, सुरेश दास सतनामी सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बदनारा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सुखाताल बेमेतरा, पंचराम साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला मुड़पार को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला घोरेघाट बेमेतरा पदस्थ किया गया है।

### अध्यापन कार्य बेहतर ढंग से होगी गतिशील

इसी तरह भुवन लाल साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला झांकी को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला तेंदो साजा, खिलेश्वरी साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला कुम्ही को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला कोटा बेरला, गुलशन कुमार साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बहेरा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला खामडीह साजा, ईश्वर सिंह वर्मा सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बहिंगा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बेलौदीकला बेरला, सावित्री केसरवानी सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला भाठापारा थानखमरिया को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सनकपाट जांता बेमेतरा, दामिनी राजपूत सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला देवरबीजा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सिरसा बेरला, ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे सहायक शिक्षक ▶▶| शेष पेज 13 पर

# 23 वाहनों का किया चालान, 4 हजार का समन शुल्क वसूला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई। बेमेतरा पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 23 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। इस दौरान 6 प्रकरणों में 4,100 रुपये का समन शुल्क लिया गया और 17 चालान माननीय न्यायालय में पेश किए गए।

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट, बिना परमिट, मालवाहक वाहन में सवारी बैठाने सहित कई यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की गई। बेमेतरा पुलिस ने अपनी कार्यवाही के दौरान नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, खासकर वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं और नाबालिगों को वाहन न चलाने दें। इसके अलावा, पुलिस ने यह भी चेतावनी दी कि बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाना और मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना भी नियमों का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**बेमेतरा पुलिस की अपील:** पुलिस विभाग ने समस्त नागरिकों से अपील किया हैं कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है, और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बेमेतरा वार्ड समाधान शिविर में 241 आवेदनों का निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2025 के तहत बेमेतरा जिले के समस्त नगरीय निकायों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद बेमेतरा के कार्यालय भवन में समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में वार्ड क्रमांक 08 से 14 के नागरिकों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं व मांगों के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू और अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने इस शिविर की अध्यक्षता की। शिविर में कुल 349 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न विभागों से संबंधित थे। इनमें 283 मांगों और 58 शिकायतों का समावेश था। सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निपटान कर नागरिकों को संतोषजनक समाधान प्रदान किया गया।

विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का उद्देश्य है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के लिए भटकना न पड़े। राज्य सरकार का प्रयास है कि हर समस्या का समाधान वहीं किया जाए जहां से वह उत्पन्न हुई हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हर आवेदन का गंभीरता से निपटान करें ताकि शासन-प्रशासन में नागरिकों का विश्वास और दृढ़ हो।

शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत "नौनी सुरक्षा योजना" और "प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना" के लाभार्थियों को सम्मान प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर नागरिक की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो और उन्हें उनके अधिकार समय पर मिलें। शिविर में नागरिकों की बड़ी संख्या में भागीदारी को सुशासन तिहार की सफलता का प्रतीक बताया गया। नागरिकों ने शिविर की प्रक्रिया पर संतोष व्यक्त किया और सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार की सराहना की।






### मौके पर टीम पहुंची और दी समझाइश

# प्रशासन की सक्रियता से बहेरा व जेवरी में दो बाल विवाह रूका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बाल विवाह के खिलाफ बेमेतरा प्रशासन की मुहिम ने नया मुकाम हासिल किया है। शनिवार को विकासखंड बेमेतरा के ग्राम बहेरा और ग्राम जेवरी में दो प्रस्तावित बाल विवाहों को रोक दिया गया। यह कार्रवाई प्रशासन की तत्परता और दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाती है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों परिवारों को बाल विवाह के कानूनी दुष्परिणामों के बारे में समझाया। इन परिवारों ने बालक-बालिका के वैधानिक आयु पूर्ण होने के बाद ही विवाह कराने का वादा किया और विवाह स्थगित कर दिया।



### कानूनी प्रावधान

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत ऐसे विवाहों को रोकने के लिए 2 वर्ष तक की सजा या 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। प्रशासन ने ग्राम सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच और कोटवार को प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया है और आम नागरिकों से अपील की है कि वे बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या मोबाइल नंबर 8319141116 पर दें।

### संदेश

अब प्रशासन ने सेवाप्रदाता जैसे धर्मगुरु, पुरोहित और डीजे संचालकों को भी अपील की है कि वे वर-वधु की आयु कानूनी मापदंडों के अनुसार सुनिश्चित करने से पहले किसी भी विवाह सेवा की पेशकश न करें। यह कदम बेमेतरा प्रशासन द्वारा बाल विवाह के खिलाफ एक मजबूत संदेश भेजने का प्रतीक है, जिसमें प्रशासन ने अपनी सक्रियता और सख्ती को प्रदर्शित किया है।

# फौजी की शहादत की याद दिला रहा खंडहर घर में लगा बबूल का दरख्त

विमल शंकर झा ▸▸| दुर्ग

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का अब बाकी यही निशां होगा। भारत पाक के बीच बरसों पूर्व हुई दूसरी जंग का पहला शहीद दुर्ग का ऐसा देशभक्त लाल था, जिसकी शहादत पर नमन करने कर्मभूमि और जन्मभूमि दोनों स्थानों में नमन करने हजारों लोग उमड़े थे। इस अनूठे फौजी का अभी कोई वजूद नहीं है और बरसों से खंडहर पड़ा घर भी वक्त के थपेड़ों की भेंट चढ़ चुका है। जहां घर था, वहां एक बबूल का एक दरख्त और देश की रक्षा के लिए मर मिटने वाले इस जांबाज फौजी की शहादत के साक्षी बने लोग उसकी शहादत व देशप्रेम की गाथा की याद दिला रहे रहे हैं।

भारत पाकिस्तान के बीच चल रही जंग ने शहरवासियों के जेहन में दोनों देशों की बीच हुई 1971 की ऐतिहासिक विजय वाले युद्ध की यादें ताजा कर दी हैं। नई पीढ़ी को यह जानकर फक्र होगा कि इस युद्ध में दुर्ग के बहादुर सैनिक राजकुमार तिवारी ने भी पंजाब सरहद पर साथी सैनिकों के साथ मुकाबला किया था। भारत के बांग्लादेश के अभ्युदय के साथ पाक पर फतह हासिल करने में हमारे शहर के इस लाल ने भी शहादत दी थी। उनकी फोटो लेकर जब आर्मी के हेडक्वार्टर दिल्ली से फौजी अफसर दुर्ग के उनके निवास पंचशील नगर पहुंचे सारा शहर श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़ा था। जब माता पिता ने अपने पैतृक गांव में बेटे का अंतिम संस्कार की इच्छा जताई तो यहां देशप्रेम के जज्बे से भरे लोगों ने उनकी तस्वीर को ही तिरंगे में लपेटकर ट्रक पर रखकर शहर में श्रद्धांजलि यात्रा निकाली थी। ऐसा ही जनसैलाब उनके पैतृक ग्राम मंझावन कानपुर यूपी में अंतिम संस्कार पर उमड़ा था। दुर्ग के वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीशचंद्र शर्मा बताते हैं कि बचपन से ही शहीद राजकुमार तिवारी से मेरा


सिखाया था तैरना : शर्मा

गहरा संबंध था। देशभक्त के साथ अच्छे खिलाड़ी व तैराक भी थे,जिन्होंने मुझे आज के चंद्रशेखर स्कूल के मैदान में फुडबाल खेलना व पंचशीलनगर के तालाब में ट्यूब में बांध फेककर तैरना सिखाया था। उनकी शहादत इस माएने में भी यादगार है कि भारत को पाक पर जीत मिली थी। श्री शर्मा बताते हैं कि युद्ध के दौरान देश के फौजियों की सहायता के लिए मनोहर, दुर्गाप्रसाद, कल्पना देशमुख, विजय व मनोज आदि स्कूल के मित्रों ने शिवनाथ तट व बघेला से दातून तोड़ इंदिरा बाजार में बेंचकर 5 सौ रुपए एकत्र अपने स्कूल की मेडम को दिए , जिन्होंने जब यह पैसे कलेक्टर को दिए तो स्कूल में आकर सराहना किए।

## 1971 के भारत-पाक युद्ध में दुर्ग के राजकुमार ने लड़ी थी जंग

71 के युद्ध में शहीद राजकुमार तिवारी का घर दस साल से वीरान और उपेक्षित पड़ा रहा। इसके बाद खंडहर होकर



समतल जगह में बतौर स्मृति एक बबूल का पेड़ खड़ा हुआ उनकी जांबाज देशभक्ति की याद दिला रहा है। जवान बेटे की शहादत से वज्राघात झेलते हुए वे घर को यादों में समेटे रहे लेकिन फिर अपने पैतृक निवास गांव चले गए। सच्चे देशभक्त राजकुमार तिवारी की कुर्बानी को पड़ोसी अब तक नहीं भूले हैं। रिटायर शिक्षिका मीना देशमुख बताती हैं कि हमारा तिवारी परिवार से पारिवारिक रिश्ता था।





फौजी राजकुमार की शहादत बाद उनकी मां 25 साल तक यहीं रहीं। दस साल पूर्व बचे परिजनों के साथ अपने गांव यूपी चली गईं। पंचशील नगर की जिला महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष व अधिवक्ता कल्पना देशमुख बताती हैं कि राजकुमार तिवारी नेकदिली व देशभक्ति में हम सबके रोलमांडल थे। उनके पिता कोतवाली थाना दुर्ग में पुलिस में थे और जिनके राजकुमार सहित, रामकुमार व शिवकुमार तिवारी 3 बेटे थे। राजकुमार की पत्नी सुशीला ने अपने देवर शिवकुमार के पुत्र को गोद लिया था।

## खबर संक्षेप



### राजनीश को नेशनल बॉक्सिंग में मिला स्वर्ण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बॉक्सिंग अकादमी के प्रशिक्षणार्थी मास्टर राजनीश यादव ने दिल्ली में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) द्वारा संचालित अंडर-19 राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 46-49 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर बीएसपी व छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। भिलाई कैम्पस का प्रतिनिधित्व कर रही 7 सदस्यीय बाल मुक्केबाजों की टीम में से मास्टर राजनीश यादव ने पांच मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। राज्य के गठन के बाद इस भार वर्ग में यह पहला स्वर्ण पदक मिला है। इस सफलता पर ईडी पवन कुमार सहित सीजीएम संदीप माथुर विजय शर्मा, डीजीएम व पूर्व ओलंपियन मुक्केबाज राजेन्द्र प्रसाद, राजीव कुमार तथा उप प्रबंधक डेनिस क्रिस्टी भी उपस्थित थे।

### डूबने से बालक की मौत

**भिलाई।** शिवनाथ नदी में डूबने से किशोर की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कोचेरा थाना डौंडी लोहारा जिला बालोद निवासी 15 वर्षीय बालक देवकुमार चोरिया राजनांदगांव के शिवनाथ नदी में डूब गया। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू के बाद शव को बाहर निकाला। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह सूचना मिलने के बाद गोताखोरों की टीम सांकरदाह गांव पहुंची थी। जहां डीप डाइविंग जवान राजकुमार यादव और नरोत्तम चंदेल पानी के अंदर डूबकर शव को खोजना शुरू किया। तीन से चार घंटे की मशक्कत के बाद बालक के शव को बाहर निकाला गया।

### विवाद के चलते हमला पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने सब्बल से प्राण घातक हमला कर दिया। पुलिस प्रवक्ता पदमश्री तंवर ने बताया कि कुगदा भरतपुर निवासी ललित सेन ने शिकायत किया है कि पारिवारिक विवाद के कारण आरोपी अजय यादव ने कांता यादव की हत्या करने की नियत से उसके सिर पर सब्बल से हमला कर दिया। कांता अचेत होकर जमीन में गिरने पर उसे घसीटते हुए रेल्वे लाईन मैदान में फेंक कर फरार हो गया।

## विडंबना : शिक्षक नगर के पुत्री शाला को तोड़ने में निगम प्रशासन उतारू

# स्कूल तोड़ने परमिशन मिला नहीं और निगम ने जारी कर दिए वर्कआर्डर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

शिक्षक नगर स्थित प्राथमिक पुत्री शाला स्कूल को तोडने नगरनिगम द्वारा बडी साजिश रची गई है। स्कूल को तोडने शिक्षा विभाग ने परमिशन ही नही दी है और नगरनिगम द्वारा न सिर्फ टेंडर जारी कर दिए, बल्कि वर्कआर्डर भी जारी कर दिया गया हैं। नगरनिगम के अधिकारी और भाजपा के पार्षद शिक्षा विभाग के डीईओ और बीईओ पर चाबी सौंपने लगातार दबाव बना रहे है। शनिवार को स्कूल में सुबह नगरनिगम के अधिकारी जबरदस्ती चाबी लेने आ धमके थे। इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक अरूण वोरा सहित पालक संघ भी पहुंचे थे। जहां जमकर बवाल की स्थिति निर्मित हो गई थी।

ऐसी जानकारी मिली है कि, शिक्षा विभाग से परमिशन मिले बगैर ही नगरनिगम ने टेंडर भी जारी कर दिया था। रियासतकाल में गरीब बच्चियों के लिए बने स्कूल को तोडकर नगरनिगम द्वारा यहां पानी टंकी बनाने का टेंडर जारी कर दिया गया है। करीब सवा करोड रूपए से अधिक की लागत में बनने वाले इस टंकी के लिए एतिहासिक स्कूल को तोडने निगम प्रशासन लगातार दबाव बना रहे है। विगत दिनों नगरनिगम आयुक्त ने शिक्षा विभाग के डीईओ अरविंद मिश्रा को एनओसी जारी किए जाने पत्र लिखा था। जिसमें डीईओ ने एनओसी देने से पहले शर्त रखी थी। जिसमें स्कूल तोडने के बाद किस मद और कब तक बनेगा। लेकिन इसकी लिखित जानकारी निगम प्रशासन उपलब्ध नही करा पाई। विगत दिनों लगातार भाजपा के पार्षद स्कूल को तोडने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को चाबी सौंपने का दबाव बना रहे है। शनिवार को जब निगम के अधिकारी स्कूल पहुंचे तो बवाल हो गया और पालक संघ और पूर्व विधायक सहित कांग्रेसी नेताओं ने जमकर विरोध किया। जिससे निगम के अधिकारियों को डल्टे पांव लौटना पड गया। विधायक गजेन्द्र यादव ने भी स्कूल तोडने के बजाय दूसरा विकल्प तलाश करने की बात कही थी।

### शनिवार को स्कूल में जमकर बवाल, निगम को सौंपी गई चाबी

#### मौखिक आदेश पर सौंपी गई चाबी

बीईओ गोविंद साव ने बताया कि, डीईओ के मौखिक आदेश पर उन्होने चाबी सौंपने स्कूल प्रबंधन को पत्र लिखा था। पूर्व में नगरनिगम आयुक्त द्वारा डीईओ को एनओसी के लिए पत्र लिखा गया था। जिसके जवाब में डीईओ अरविंद मिश्रा ने पूर्व में भी स्कूल तोडने की बात कही थी। वही उन्होने बजट प्रावधान और ड्राईंग डिजाइन उपलब्ध कराने की शर्त रखी थी। निगम अधिकारियों की माने तो डीईओ के मौखिक आदेश पर बीईओ ने निगम प्रशासन को चाबी सौंपी है। इस मामले में निगम द्वारा विभाग से मिले कोई भी पत्र उपलब्ध नही कराई गई।



#### पूर्व पार्षद ने कहा टंकी बनाने पर्याप्त जगह

पुत्री शाला स्कूल को तोडने का विरोध कर रहे पूर्व पार्षद मनीष यादव ने बताया कि, पानी टंकी बनाने के लिए पीछे पर्याप्त जगह है। इस स्कूल को तोडने की जरूरत भी नही पडेगी। उन्होने बताया कि, स्कूल को नही तोडने के लिए उन्होने कलेक्टर और शिक्षा अधिकारी से लेकर निगम कमिश्नर को ज्ञापन दिया है। उन्होने कहा कि इसके बाद भी बात नही बनेगी तो वे शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा।

#### पहले भी तोड़ चुके स्कूल इसलिए हो रहा विरोध

नगरनिगम दुर्ग द्वारा इससे पहले गंजपारा वार्ड में स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्कूल को नगरनिगम द्वारा तोडा गया था। स्कूल भवन तोडकर यहां कर्मिशयल काम्प्लेक्स बनाने की योजना थी, वही उपर में स्कूल भवन संचालित किया जाना था। यहां के डेढ सौ से अधिक बच्चों को तीन किमी दूर सरदार वल्लभाई पटेल शनिचरी बाजार स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया। भवन आज तक नही बने। इसी तरह गया नगर स्थित महात्मा गांधी स्कूल परिसर में नगरनिगम द्वारा व्यापारियों को लाभ पहुंचाने निगम द्वारा व्यवसायिक कांप्लेक्स बना दिया गया। जिसकी फूटी कौडी भी स्कूल को नही मिलती हैं।

#### वोरा लिखित आदेश दिखाने अड़े रहे

शनिवार को निगम के भवन अनुज्ञा अधिकारी गिरिश दीवान के साथ भाजपा पार्षद व अमला पहुंचे थे। इधर इसकी जानकारी मिलने के बाद पुत्री शाला के पालकगण पहुंचे थे। जहां उन्होने स्कूल तोडने का विरोध किया। पूर्व विधायक अरूण वोरा ने शिक्षा विभाग के लिखित परमिशन की कापी भी मांगी, लेकिन उपलब्ध नही कराया गया। वही आप पार्टी के नेता मेहरबान सिंह भी पहुंचे थे।

#### एनओसी मिल चुकी



शिक्षा विभाग ने स्कूल तोडने की अनुमति दे दी है। पानी टंकी बनने के बाद स्कूल बनाने की राशि से लेकर ड्राईंग डिजाइन भी विभाग को सौंपी जा चुकी है, सब नियम के तहत हो रहा हैं। **-अल्का बाघमार,** महापौर दुर्ग नगरनिगम

#### बेहद निंदनीय कार्य



स्कूल वर्ष 1955 से स्कूल बनी हैं, यहां 55 बच्चे जो गरीब वर्ग से अध्यनरत है। टंकी के लिए पर्याप्त जगह है। लेकिन इसे तोडने के फैसले से हम आहत है। इसका पुरजोर विरोध करेगें। यह दुर्ग शहर धरोहर है। **-अरूण वोरा,** पूर्व विधायक दुर्ग

## मामा-भांजा हुए एक पति-पत्नी के बीच सुलह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



- कुल 536760 मामले निराकृत

जिला न्यायलय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में कई अगल-अलग प्रकरणों के बीच सुलह कराया गया। जिसमें मामा-भांजा के बरसों लडाई के खत्म कराया गया, वही पति-पत्नियों के बीच मधुर संबंध बनाए रखने सहित अन्य कई प्रकरणों पर सुनवाई की गई। वर्ष 2025 के द्वितीय नेशनल लोक अदालत में कुल 17993 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 518767 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए। जिनमें कुल समझौता राशि 482540385/- रूपये रहा। इनमें बैंक के प्रीलिटिगेशन के कुल 20, विद्युत के कुल 215 मामले निराकृत हुए। जिनमें कुल समझौता राशि लगभग 2734771/ रही है। इसी कम में लंबित निराकृत हुए प्रकरण में 322 दाण्डिक प्रकरण क्लेम के 44 प्रकरण, पारिवारिक मामले के 90 चेक अनादरण के 308 मामले, व्यवहार वाद के 51 मामले श्रम न्यायालय के कुल 06 मामलें तथा स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग के कुल 6460 मामले निराकृत हुए। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन तथा प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला न्यायालय एवं तहसील व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसके तहत जिला न्यायालय दुर्ग, कुटुम्ब न्यायालय, दुर्ग, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3 व्यवहार न्यायालय पाटन एवं व्यवहार न्यायालय धमधा, तथा किशोर न्याय बोर्ड दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएँ) दुर्ग, राजस्व न्यायालय दुर्ग, एवं उपभोक्ता फोरम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक पत्रकारिता के क्षेत्र से जिला न्यायालय में उपस्थित मनजीत कौर द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे किया गया। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के अलावा जिला अधिवक्ता संघ, दुर्ग के सचिव रविशंकर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में जेसीबी ऑपरेटर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

बाइक सवार अपने भाई के साथ पावर हाउस जा रहे युवक को ट्रक ने ठोकर मार दी। हादसे में जेसीबी ऑपरेटर की मौके पर मौत हो गई।

- चंद्रा मौर्या टाकीज के सामने हुई घटना

मामले में पुलिस ने शव को मरचूरी सुपेला में रखवा दिया है। शव का पीएम होने के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। सुपेला पुलिस ने बताया कि लक्ष्मी नगर दुर्गा पारा वार्ड निवासी कुर्बान अली 22 वर्ष अपने बाइक में भाई के साथ अपना काम निपटाकर पावर हाउस जाने के लिए निकला था। इस दौरान चंद्रा मौर्या टाकिज के पास ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रुप से कुर्बान घायल हो गया। उपचार के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर पुलिस ने परिजनों को दिया है। पुलिस ने बाइक को पुलिस थाने लेकर आ गई है। बताया जा रहा है कि चंद्रा मौर्या टाकिज के सामने नेशनल हाइवे के पास की घटना है। कुर्बान जेसीबी ऑपरेटर है। नगर निगम में प्राईवेट काम करता था। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी लगने पर रो-रोकर बुरा हाल है।



गौरतलब हो कि नेशनल हाईवे में लगातार सड़क हादसा होने से दो पहिया वाहन चालकों का आना-जाना मुश्किल हो रहा है। सप्ताहभर में नेशनल हाईवे पर आधा दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन चालक हादसे का शिकार हो चुके हैं। ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही का हर्जाना बेगुनाह वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है।

### जेल प्रशासन ने दिलीप का किया सम्मान

**दुर्ग।** केंद्रीय जेल प्रशासन द्वारा समाज सेवी दिलीप ठाकुर और सीता राम ठाकुर को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान ओम सत्यम शिक्षण एवं जनविकास समिति द्वारा केंद्रीय जेल में चिकित्सा सेवा मार्गदर्शन एवं स्वास्थ्य दिशा-निर्देश के परिपेक्ष में जेल सह अधिक्षक डॉ अशोक साव द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हेड कॉन्स्टेबल गणपत भी मौजूद थे। ज्ञातव्य हो कि ओम सत्यम शिक्षण एवं जनविकास समिति के तत्वाधान में चिकित्सा, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक सेवा और रचनात्मक कार्य संपादित किया गया।

## अप्रवासियों के खिलाफ पुलिस का चला अभियान

**भिलाई।** अप्रवासियों के खिलाफ पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि शारदापारा छावनी, केएलसी खुर्सीपार, जोन तीन खुर्सीपार में 589 व्यक्तियों का दस्तावेजों की जांच किया गया। इसके अलावा 154 का फिंगर प्रिंट लेकर तैयार डाटाबेस किया जा रहा है। शनिवार की सुबह छावनी के शारदा पारा, खुर्सीपार के के.एल.सी., जोन-3 में किराए से रहने वालों की जानकारी जुटाई गई। बिना सूचना के रह रहे अवैध अप्रवासियों की भी जांच की गई। शारदापारा छावनी में सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में



200 व्यक्तियों का आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज जांच किया गया। जिसमें पश्चिम बंगाल, किशनगंज बिहार, झारखण्ड से आकर यहां लोग किराए का मकान लेकर निवास कर रहें है। जांच के दौरान 70 व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट लिए गए। लिए गए। के.एल.सी. खुर्सीपार में सीएसपी हरीश पाटिल छावनी व जोन 3, खुर्सीपार में डीएसपी हेम प्रकाश नायक के नेतृत्व में 389 नागरिकों का आधार कार्ड दस्तावेजों की जांच की गई। 74 व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट भी लिए गए। बीएसपी ठेका श्रमिक के रूप में काम कर रहे हैं। लोगों की शिनाख्त के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिचय पत्र आदि चेक किया। कॉस वेरिफिकेशन भी किया गया। कुल 589 व्यक्तियों की जांच कर 144 व्यक्तियों के फिंगर प्रिंट लिए गए।

### पुलिस की अपील

दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील किया है कि जो भी किराएदार निवास कर रहे हैं। किराएदार फार्म नजदीकी थाना चौकी से प्राप्त कर किराएदार का पूर्ण विवरण मय दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से जमा करें। जानकारी नहीं दिए जाने की स्थिति में ,किराएदार की किसी भी मामलें में शामिल पाए जाने पर मकान मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक गजेन्द्र यादव ने विकास कार्य समय पर पूर्ण करने निर्देश दिए

# मल्टीलेवल पार्किंग के प्रस्ताव को जल्द शासन को भेजें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

- स्वीकृत कार्यों में तेजी लाने कहा

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र में 2023-24 और 2024-25 में स्वीकृत विकास कार्यों को लेकर शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने आज समीक्षा बैठक लेकर सभी काम को समय पर पूरा करने निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने इंदिरा मार्केट में प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग के प्रस्ताव को जल्द ही शासन को भेजने के निर्देश दिए, वही भूमिपूजन के बाद स्वीकृत कार्यो में तेजी लाने कहा गया।

महापौर अलका बाघमार, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित निगम के सभी इंजिनियरों के साथ आयोजित बैठक में प्रत्येक छोटे-बड़े कार्यो की बारी-बारी से समीक्षा की गई। मल्टीलेवल पार्किंग, नालंदा परिसर, सामाजिक भवन, पालिका बाजार सहित बड़े कार्यों में अधिकारियो को व्यक्तिगत तौर पर दायित्व सौंपने कहा गया। समीक्षा बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव ने अपनी निधि से निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लिए। इस दौरान इंजिनियरो ने तकनीकी समस्या अवगत कराने पर अन्य विभागीय अधिकारियो से सामंजस्य बनाकर कार्य कराने निर्देश दिए। भूमिपूजन पश्चात प्रारंभ हो चुके कार्यों में तेजी लाने और जल्द पूर्ण करने कहा, ताकि जनता को सौगात मिल सके। बैठक में राज्य शासन से स्वीकृत लगभग 27 करोड़ के कार्यों के प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगे और बिंदुवार संबंधित अधिकारी और इंजिनियर से चर्चा कर कार्य पूर्ण करने कहा। शहर के प्रमुख इंदिरा मार्केट में पार्किंग की बढ़ती समस्या से निजात पाने मल्टीलेवल पार्किंग के डीपीआर को शीघ्र तैयार कर शासन को भेजने कहा गया। बैठक में सभापति श्याम शर्मा, महापौर परिषद के सदस्य देवनारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



### नई कॉलोनी में पाइपलाइन बिछाने सर्वे होगा

महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा और निगम आयुक्त की टीम के साथ समीक्षा बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव ने नये बसाहट वाले कॉलोनी और छूटे हुए एरिया में पेयजल पाइपलाइन बिछाने को लेकर जानकारी मांगे, वहीं सर्वे कर विस्तार करने कहा। इसके अलावा डीएमएफ फंड से स्वीकृत कार्य और मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्य में आने वाली रुकावट का निदान कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने कहा

### शहर के तालाबों का होगा सौन्दर्यीकरण

विधायक श्री यादव ने शासन से स्वीकृत भवन निमार्ण, जागिंग ट्रेक, मुक्तिधाम निर्माण की जानकारी सहायक अभियंता से लिए। इसके अलावा दुर्ग निगम क्षेत्र में राज्य शासन से लंबित मांग से संबंधित प्रस्ताव को जल्द तैयार करने कहा ताकि शासन से शहर की जनता की सहुलियत बढ़ाने उन कार्यों को भी स्वीकृति दिलाई जा सके। विधायक गजेन्द्र ने समीक्षा बैठक में दुर्ग शहर विधानसभा के तहत सभी प्रमुख तालाबों के सौंदर्यीकरण और उद्यानो के विस्तार करने प्रस्ताव तैयार करने कहा ताकी तालाब में आम नागरिक निस्तारी कर सके।

## भुवन चंद्राकर का निधन, अखबार वितरण करने वालों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग



सुनील न्यूज एजेंसी के संचालक भुवनलाल चंद्राकर के निधन पर अखबार वितरण संघ द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी प्रमुख वितरक मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि भुवन चंद्राकर के निधन से अखबार वितरण जगह में अपूर्णीय क्षति हुई है। वे पिछले 6 दशक से सक्रिय रहे। उन्होंने 60 साल पहले अखबार वितरण का सुचारू रूप से संचालन करने सुनील न्यूज एजेंसी शुरू की। उनका 9 मई 2025 को निधन हो गया। पूरे दुर्ग शहर में प्रतिदिन 300 हॉकर की टीम से अखबार वितरण का संचालन करते रहे हैं। हर छोटे बड़े मीडिया समूह की प्रतियों को विषम परिस्थितियों में भी घर-घर पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। उनके निधन से सभी मीडिया समूह ने शोक व्यक्त किया। अखबार वितरण संघ दुर्ग ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में संदीप खेमुका, राजीव कटकवार, बृजलाल मारू, धनीराम साहू, छन्नूलाल सिन्हा, मदन साहू, जमील अहमद, विकास, भीखम देशमुख, लक्ष्मी चौधरी, परमेश्वर राजपूत सहित सभी प्रमुख एजेंटे मौजूद थे। सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांलि दी।

## खबर संक्षेप



### साहू समाज ने किया भाव्या का सम्मान

**डोंगरगांव।** दसवीं में ग्राम बोदेला के चतुर साहू की पुत्री भाव्या साहू ने 97.17 प्रतिशत अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। परिणाम आने के बाद विधायक दलेश्वर साहू ने बोदेला पहुंचकर भाव्या से मुलाकात कर बधाई दी। इस मौके पर जयश्री साहू, जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, इन्द्रसेन साहू, राजेश साहू, चतुर साहू, गुहरीराम साहू, कुंदन साहू, भारत साहू आदि मौजूद थे। इसी क्रम में तहसील साहू संघ ने मटिया स्थित भवन में समारोह आयोजित कर भाव्या को सम्मानित किया है। इस दौरान धनराज साहू, शिवराम साहू, माधव साहू, सुरेन्द्र साहू, कौशल साहू, पुरुषोत्तम साहू, सीएल हिरवानी, सुंदरलाल साहू, रोहित साहू आदि उपस्थित थे।

### मस्ती के साथ आसनों का अभ्यास



**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में रविवार को संस्कृति और संस्कार पर आधारित मस्ती की पाठशाला आयोजित की गई। छुटियों के दिनों में बच्चों को नैतिक शिक्षा से जोड़ते हुए खेल, नाटक, कहानी एवं संगीत के माध्यम से विभिन्न गतिविधि कराया गया। मातृ दिवस के उपलक्ष मे माँ पर आधारित विषयों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन आशा फाउंडेशन की सदस्य अंकिता गुप्ता ने किया। यह आयोजन प्रत्येक रविवार का संस्था में आयोजित होने की जानकारी संस्था प्रमुख अनिल रुपलानी ने दी। उन्होंने सभी स्कूलों के बच्चों से कार्यक्रम से जुड़ने की अपील की है।

### कॉलेज में प्री-प्लेसमेंट गतिविधि 15 को

**गंडई पंडरिया।** प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन भिलाई द्वारा आगामी 15 मई को प्रातः 11 बजे देवी प्रसाद चौबे महाविद्यालय गंडई के सेमिनार हॉल में प्री प्लेसमेंट गतिविधि का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर चुके या अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल हो रहे विद्यार्थियों को बहुराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कंपनियों द्वारा आयोजित प्लेसमेंट परीक्षाओं और साक्षात्कार की प्रक्रिया के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की क्षमताओं का प्रारंभिक मूल्यांकन किया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें प्रोफेशनल अपटिट्यूड, इंटरव्यू स्किल्स और जॉब मार्केट की जरूरतों के अनुसार मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया जाएगा।इच्छुक उम्मीदवार 14 मई तक सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र के भागवत राम से संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### नवविवाहिताओं को मिलेगा वंदन योजना का लाभ

**डोंगरगांव।** महतारी वंदन योजना का लाभ शीघ्र ही उन नवविवाहित महिलाओं को मिला जो योजना के पात्र हैं। जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवविवाहित महिलाओं से वादा किया है कि जल्द ही उन्हें भी महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाएगा। आवेदन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए महतारी वंदन योजना चलाया जा रहा है। योजना का लाभ मार्च 2024 से प्रदेश की महिलाओं को मिल रहा है। पात्र विवाहित महिलाओं को सरकार द्वारा प्रतिमाह 1000 रुपए की वित्तीय सहायता दी जा रही है। अब नए हितग्राही इस योजना से जुड़कर इसका लाभ ले सकते हैं।



## अभियान : बाजार, मंडी परिसर एवं मार्गों की सफाई

# नगर की स्वच्छता के लिए सड़क पर उतरी शहर सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

स्वच्छ भारत मिशत के तहत नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निकाय सप्ताह में एक दिन श्रमदान अभियान चला रहा है। मुहिम में स्थानीय निवासियो को जोड़कर नगर में स्वच्छता के प्रति माहौल तैयार करते हुए जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम में नगरवासी भी स्वप्रेरित होकर जुड़ने लगे हैं।

स्थानीय नगर पंचायत में नवीन परिषद के काबिज होने के बाद नगर को स्वच्छ तथा सुविधापूर्ण बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। स्वच्छता मिशन के पहले चरण में नगर में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मुहिम से नगरवासियों को जोड़ने के लिए सप्ताह में एक दिन अधिकारी कर्मचारियों के साथ साथ मुख्य मार्गों, चौक चौराहों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मुहिम की अगुवाई अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी कर रहे है। नगर अध्यक्ष के आगे आने के बाद नपं का अमला भी स्वःफूर्त होकर आगे आ रहा है। नगर अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक सप्ताह में शनिवार या रविवार को स्वच्छता श्रमदान की योजना बनाई गई है। पहले चरण में मुख्य मार्गों, सडकों, गलियों और चौक चौराहों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। वार्डों में षिविर लगाकर सफाई किया जाएगा। बीते शनिवार को बस स्टैंड से डॉ आम्बेडकर चौक, गुप्ता चौक, बजरंग चौक, सुभाष चौक, गांधी चौक, पटेल पारा, लिंक कोर्ट सहित आसपास सफाई की गई। इस मुहिम में उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद दिलीप कुंभकार, उमा निषाद, विनोद डेहरिया, शंकर निषाद, रिनी पारेटी, रेहाना बेगम, शोभा भोयर, मोंटी खंडेलवाल, तिलक यादव, जलील अहमद रब्बानी, रामकुमार देवांगन, लोकेश सलामे, सिद्धार्थ देवांगन सहित अन्य शामिल हुए।



### फोटोग्राफी नहीं जमीन में काम करके दिखाए

महिने भर से चलाए जा रहे स्वच्छता श्रमदान अभियान को लेकर नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की यह अभियान फोटोग्राफी व सेल्फी से नही चलेगा। इसे लिए जमीन में काम करके दिखाना पडेगा। नगर अध्यक्ष ने कहा की कुछ लोग केवल झाडू पकडकर फोटो खिचाते है और समय गुजार कर निकाल जाते है। वे सभी के काम पर बारिकी से नजर रख रहे है। इसलिए वे सभी को निर्देष दे रहे है की अब अपनी कार्यप्रणाली सुधार ले और हकीकत में काम करके दिखाए। अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

### बाजार से एनीकट जाने वाले मार्ग में नाली बनाए

बाजार चौक से एनीकट जाने वाले मार्ग में आस पास के निवासियो के घरो का निस्तार का गंदा पानी सडक में बह रहा है। सडक में घरो का गंदा पानी बहने से यात्रियो व नागरिको को काफी परेषानियो का सामना करना पड रहा है। इस इलाके के निवासियो ने नगर अध्यक्ष से भेटकर नाली निर्माण की मांग रखी। नगर अध्यक्ष ने सडक की स्थितियो को देखते हुए सीएमओ व उपयंत्री को निर्देष दिया की इस मार्ग में जल्द से जल्द नाली का निर्माण कराया जाए। अभी फंड नही है तो कच्ची नाली निकाली जाए। यदि लोग जगह नही देते है तो नोटिस जारी कर चबूतरा तोडे पर अनिवार्य रूप से नाली बनाए। नगर अध्यक्ष ने कहा की सडक के साथ साथ हर स्थान पर नाली बनाया जाना आवष्यक है। यदि नाली नही बनेगा तो सडक में घरो का गंदा पानी आएगा। इसलिए हर स्थान में सडक से पहले नाली बनाया जाना आवष्यक है।

### बाजार और मंडी में अभियान

स्वच्छता श्रमदान अभियान के तहत साप्ताहिक बाजार एवं कृषि उपज मंडी परिसर में सफाई की गई। अगले चरण में मटन मार्केट में अभियान चलाया जाएगा। बाजार व मंडी क्षेत्र में जगह जगह कचरे का ढेर मिला। नगर अध्यक्ष ने खड़े होकर बाजार के चबूतरा की सफाई कराया एवं कचरे के ढेर को उठवाया। इसके बाद खरपतवार की कटाई एवं नालियों की सफाई कराया गया।

### शौचालय में गंदगी देखकर भड़के अध्यक्ष

नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने जब बाजार स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया तो गंदगी देखने मिला। शौचालय की टाइल्स व फ्लोरिंग उखडा मिला। वेस्ट पाईप टूटा मिला। गंदे पानी का जमाव मिला। अध्यक्ष ने नाराजगी जाहिर करते हुए सीएमओ को तीन दिवस के अंदर दुरूस्त कराने कहा।

# शिविर में 81 आवेदनों का हुआ समाधान

## 90 हितग्राहियों को किया लाभान्वित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशन और मार्गदर्शन में विकासखंड मोहला के ग्राम पंचायत धोबेदंड में समाधान शिविर आयोजित किया गया। समाधान शिविर में 3499 आमजनों को अपनी समस्याओं से निजात पाने का सुनहरा मौका मिला। सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त 3499 आवेदकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही समाधान शिविर स्थल में विभिन्न विभागों को 81 आवेदन प्राप्त हुए जिनका मौके पर ही निराकरण कर लाभांवित किया गया। समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 90 हितग्राहियों को सामग्री व चेक वितरित किया गया। समाधान शिविर में खाद्य विभाग ने 28 हितग्राहियों को उनकी मांग पर नवीन राशनकार्ड वितरित किया। इसी प्रकार 5 हितग्राहियों को मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड, 5 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त होने पर प्रशस्ति पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को वय वंदन कार्ड, 21 हितग्राहियों को पशु शेड स्वीकृत प्रमाण पत्र, चार हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास पूर्ण होने पर घर की चाबी प्रदान किया गया। पांच हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदाय किया गया। छह हितग्राहियों को सुपोषण आहार कीट, 6 हितग्राहियों को शौचालय स्वीकृति का प्रमाण पत्र, 2 हितग्राहियों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत चेक पत्र, 3 तीन कृषकों को जमीन नक्शा प्रदाय किया गया।

### मौके पर ही समाधान

ग्राम पंचायत धोबेदंड में आयोजित समाधान शिविर अनेक हितग्राहियों को अपनी समस्याओं से निजात पाने का कारगर मौका साबित हुआ है। समाधान शिविर में जहां समस्या और मांगों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। वहीं विभिन्न योजनाओं के तहत अनेक हितग्राहियों को उनकी मांग पर सामग्री व चेक वितरित करते लाभान्वित किया गया।

### जनप्रतिनिधि हुए शामिल

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नरसिंग भंडारी, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारती चंद्राकर, वनमंडलाधिकारी दिनेश पटेल, एसडीएम हेमेन्द्र भुआर्य, जनपद सीईओ केशवरी देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# टाटेकसा स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

छत्तीसगढ़ सीमा पर बसे ग्राम टाटेकसा के हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा। कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 25 बच्चे सम्मिलित हुए थे। शाला की हेमलता पटेल 85.50 प्रतिशत लेकर प्रथम, नमन कुमार 84 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे, पूर्णिमा तीसरे और शालिनी कोमरे चतुर्थ स्थान पर रही।

शाला के 14 बच्चे प्रथम श्रेणी और 7 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए । कक्षा 10 वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा बारहवीं में कमल यादव ने 83.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। निकिता यादव 78.60 द्वितीय, शीतल 74.20 प्रतिशत तृतीय और रितु 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथे स्थान पर रही। परीक्षा में शामिल 33 में से 26 प्रथम श्रेणी और पांच द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। बारहवीं का परिणाम 97 प्रतिशत रहा।

प्राचार्य जीआर नेताम, व्याख्याता आरबी सलामे, यूएस ठाकुर, एसएस कंवर, एमके वर्मा, वीवी देवांगन, आर कोटांगले, एस नाजनी, के साहू, आर साहू, उद्धव ठाकुर एवं एसएमसी अध्यक्ष सी पन्ना आदि ने बच्चों को बधाई दी है।

# समाधान शिविर में शामिल नहीं हो रहे अफसर, कार्यालय में भी नहीं मिलते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। शहर के वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रो में समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है किन्तु अधिकारी सरकार की मंशा के अनुरूप काम करने के बजाए खानापूर्ति करने में लगे है। समाधान शिविर में कुछ विभाग को छोडकर अनेक विभाग के अधिकारी शामिल नहीं हो रहे हैं। कई प्रमुख विभागों को तो समाधान शिविर की जानकारी तक नहीं मिल रही है। विभाग के बाबू शिविर में शामिल हो रहे हैं जो चर्चा का विषय है। जानकारी के अनुसार शिविर में लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आरईएस, वन, विद्युत मंडल, मत्स्य पालन, पशु चिकित्सा विभाग की उपस्थिति दिखाई नहीं देती है। जनपद पंचायत और पालिका के अधिकारी शिविर का प्रचार करने पीछे नजर आ रहे हैं। हैरान करने वाली बात यह है कि कई विभागों के अधिकारी कार्यालय में भी नहीं रहते जबकि कार्यालय में यह बताया जाता है कि अधिकारी शिविर में गए हैं।

## फिर सड़क पर आए दुकानदार

**डोंगरगढ़।** लाखों रूपए खर्च कर सब्जी मंडी को फिर से शुरू किया गया किन्तु दुकानदार फिर रोड में दुकान लगा कर मनमानी करने लगे है। दुकानदारों का कहना है कि सब्जी मंडी में जाने के बाद उनका व्यपार नहीं हो रहा है। एक दूसरे की देखा देखी में वह सड़क पर ही दुकान लगाने लगे है। पालिका लाखो खर्च कर बाजार को व्यवस्थित करने का प्रयास कर रही है जबकि दुकानदार यातायात व्यवस्था को बाधित करने में लगे है। शहर में गोलबजार एवं बुधवारी दो प्रमुख बाजार हैं जो में रविवार एवं बुधवार को लगते हैं। गोल बजार की सब्जी दुकाने नियमतः निर्धारित स्थान पर लग रही है किन्तु बुधवारी बाजार के व्यपारी पर्याप्त धंधा नहीं होने के कारण सड़क पर दुकान लगा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने दुकानदारों को सड़क पर दुकान नहीं लगाने की समझाइश देते हुए कहा कि मनमानी जारी रही जप्ती बनाने की कार्रवाई की जाएगी।

## युवा शिविर आज से

**डोंगरगांव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ग्राम रामतराई एवं ग्राम पंचायत जयसिंह टोला के ग्रामीणों के सहयोग से गायत्री प्रज्ञापीठ छुरिया द्वारा चार दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन कल 12 मई से रखा गया है। पूर्णतः आवासीय शिविर में 18 से 30 वर्ष की आयु के युवक युवतियां भाग लेंगे। प्रतिदिन विषय विशेषज्ञ शिविरार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

# भाजपाई करने लगे जुआ-सट्टा और शराब की शिकायत

## शासकीय जमीन पर हो रहा कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नगर में जुआ सट्टा, अवैध शराब की बिक्री के अलावा शासकीय भूमि पर कब्जे को लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधि ही शिकायत कर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग करने लगे हैं।

स्थानीय प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अवैध कारोबार को जड़ से उखाड़ने कार्रवाई शुरू की है। नगर में पिछले एक हफते से अवैध शराब के कारोबार पर कुछ अंकुश लगा है। खाईवाल एवं पट्टी लिखने वाले फरार हो गए हैं। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद जुआ सट्टा एवं शराब का कारोबार को लेकर भाजपा नेताओं में विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी थी। इस कारोबार को कुछ नेताओं के संरक्षण में संचालित किया जा रहा है। वहीं स्थानीय नेता भी अपने लोगों को इस कारोबार से जोड कर स्वार्थ सिध्द करने में लगे हैं। प्रशासन पर दबाव बना कर इस अवैध कारोबार को संचालित कर रहे हैं।

### बेजा वसूली की भी चर्चा

इसी प्रकार शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर भाजपा नेताओं ने शिकायत कर जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार 2002 से शासकीय भूमि की प्लाटिंग और निर्माण को लेकर शिकायत होने के बाद पार्टी फंड के नाम से रकम की डिमांड शुरू हो चुकी है।

## पेज 11 के शेष

### जिले के 49 सहायक शिक्षकों ...

अगरीखुर्द साजा, आरती पाण्डेय सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला भोईनाभाठा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बहेरा बेमेतरा, सरोज सिन्हा सहायक शिक्षक शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरतरा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला ढाप साजा, अजीत कुमार वर्मा सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला सरदा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला गोपालपुर साजा, प्रमेश कुमार साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला सिलघट को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सुरुंगदाहरा बेमेतरा, भूपेंद्र कुमार बंजारे सहायक शिक्षक की प्राथमिक शाला बांसा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सिंघनपुरी साजा, रेणुका वर्मा सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला भिभौरी को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला नवीन पेंड्री बेमेतरा, सतीश कुमार साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला पतोरा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला तारालीम बेरला, पुष्पा लहरे सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला पेंड्री को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला अड़बँधा बेमेतरा, लक्ष्मी बाला पटेल सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला हरदी को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला घिवरी साजा, कलीराम कुर्रे सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला नेवनारा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला रमपुरा साजा, नारायण दास कुर्रे सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक देवादा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बनरांका साजा, संजय कुमार भारती सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला सांकरा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला न गाड़ाघाट साजा, राजेश कुमार ठाकुर सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बांसा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बगलेड़ी साजा, विजय कुमार सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला पतोरा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मटिया साजा में पदस्थ किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा है की यदि किसी सहायक शिक्षक (एल बी) की पदोन्नति त्रुटि पूर्ण हुई है तो वह तदआशय का अपना प्रतिवेदन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से तत्काल इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही किया जा सके। साथ ही संबंधित सहायक शिक्षक को कार्यमुक्त या कार्यभार ग्रहण न कराया जावे। त्रुटि पूर्ण पदोन्नत सहायक शिक्षक को यदि कार्य मुक्त किया जाता है। तो कार्य मुक्त करने वाले अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा है कि पदोन्नत सहायक शिक्षक को 15 मई तक पदोन्नत पद में पदांकित शाला में अनिवार्य रूप से कार्यभार ग्रहण करना होगा। यदि पदोन्नति सहायक शिक्षक कार्यभार ग्रहण करना नहीं चाहते हैं। तो वह दिनांक 15 मई तक सुसंगत कारणों का उल्लेख करते हुए उचित माध्यम से लिखित अनुरोध पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। लिखित अनुरोध पत्र प्रस्तुत न होने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। पदोन्नति नहीं चाहने का अनुरोध पत्र प्रस्तुत करने वाले सहायक शिक्षक (एल बी) की सेवा पुस्तिका में तदाशय की जानकारी अंकित की जावे।

### अध्यापन कार्य बेहतर ...

शासकीय प्राथमिक शाला उघरा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बैजी (लोलेसरा) बेमेतरा, प्रभावती कुर्रे सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला खैरी को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला प्रतापपुर नवागढ़, सुनीता साहू सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला तेंदुआ को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला हाड़ाहुली साजा, नेहा रानी गेंड्रे सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला खिलोरा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मोहभट्ठा बेमेतरा, मेमिन मल्होत्रा सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला लालपुर को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला उरैहा साजा, सुनैना ध्रुव सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला नांदघाट को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला नांदघाट नवागढ़, सावित्री दिव्या सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला मोतिमपुर को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह नवागढ़, अनिल कुमार कुंजाम सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला करही साजा, मैमूना सुल्ताना सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला कन्या देवकर को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला बुधवारा साजा, आमना परवीन सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बालक देवकर को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला सोनडोंगरी साजा, घनश्याम सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बुढ़ेरा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर साजा, शेषनारायण महेश्वरी सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव गहिरा को प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला परसवारा बेमेतरा पदस्थ किया गया है।

# बिजली की अनियमित सप्लाई से परेशानी

- ट्रांसफार्मर बदलने और क्षमता बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घुमका

विद्युत की आंख मिचौली से नगरवासियों में आक्रोश पनप रहा है। नगर पंचायत के ब्राम्हण पारा और वार्ड दो के लोग बिजली की अनयिमित सप्लाई से परेशान है। मोहल्लेवासियों ने बताया सप्ताह भर से यहाँ विद्युत की आपूर्ति रुक रुक कर हो रही है। प्रभुलाल यादव, गौरव शर्मा, आयुष्मान सिंह आदि ने बताया कि रात्रि में कभी भी बिजली गुल हो जाती है। विद्युत विभाग के जेई आशीष कुशवाहा से बात करने पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिलता। लोगों की परेशानी को देखते हुए इस आशय की शिकायत डीई रविन्द्र गोस्वामी से पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा ने करते हुए समस्या को दूर करने की मांग की है। उन्होंने ब्राह्मण में लगे 63 एचपी ट्रांसफार्मर को 100 एचपी में बदलने एवं सिंगल फेस को थ्री फेस करने की मांग की है। बाजार चौक में 200 एचपी ट्रांसफार्मर के पास अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, मछली पसरा के पास लगे 25 एचपी के फैलियर ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर, स्वास्थ्य कर्मचारी क्वार्टर के पास लगे 25 एचपी के ट्रांसफार्मर को बदलने एवं मौहरी भांठा में ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग की है।

जेई आशीष कुशवाहा ने बताया कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता है। ब्राह्मणपारा में वन फेस को थ्री फेस करने की जरूरत है। कंज्यूमर आवेदन कर डिमांड करे तो समस्या का निदान हो सकता है।



HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मेला का आयोजन 13 को

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना के तहत 13 मई को सुबह 9 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन किया जाएगा। पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में शामिल हो सकते हैं।

### सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख 40 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम सेम्हरा में 5 लाख 20 हजार रुपए, ग्राम खैरवार में 2 लाख 60 हजार रुपए एवं ग्राम बागनदी में 2 लाख 60 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

### कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी ठाकुरटोला राजनांदगांव में 7 मई को महाविद्यालय परिसर में एक दिवसीय वक्तव्य का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय फार्मा उद्योग अकादमिक इंटरफेस रखा गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विनायक मिश्रा कार्यक्रम प्रबंधक चिकित्सा एवं जीवन विज्ञान हैदराबाद थे। उन्होंने इंडस्ट्री की कार्यप्रणाली को समझाया। उन्होंने रेगुलेटरी अफेयर्स का रोल और उसमें आगे क्या कार्य किया जा सकता है, उसके बारे में बच्चों से चर्चा की। कार्यक्रम में डी-फार्मेसी, बी-फार्मेसी एवं एम-फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता दर्ज की। साथ ही महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. टी कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया।

### रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** सीआरसी ठाकुरटोला राजनांदगांव में विश्व थैलेसीमिया दिवस एवं विश्व रेड क्रॉस दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं समाजसेवा की भावना को समर्पित रहा।

### 1576 बच्चों का लॉटरी से चयन

**राजनांदगांव।** जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि राजनांदगांव जिले में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत कुल 4227 आवेदनों में से 1576 बच्चों का चयन लॉटरी के माध्यम से हुआ है, जिन 1462 बच्चों का आबंटन नहीं हुआ है वह द्वितीय चरण के लिए अपने आवेदन में संशोधन करा सकते हैं। द्वितीय चरण में छात्र पंजीयन (आवेदन) 20 से 30 जून तक किया जाएगा।

---

**जयंती**

**नवागढ़ में गूंजा शौर्य का जयघोष, बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग हुए शामिल**

# महाराणा प्रताप चौक का डा. रमन सिंह ने किया लोकार्पण, जयंती पर निकाली भव्य शौर्य यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

नगर के इतिहास में एक गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गया, जब शुक्रवार की शाम महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर नगर के मध्य स्थित नवनिर्मित महाराणा प्रताप चौक का भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ। विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा का अनावरण कर नगर को गौरव से भर दिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर नगर में शौर्य यात्रा निकाली गई, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा में तलवारबाजी व फायरिंग कर क्षत्रियों ने शौर्य प्रदर्शन करते हुए ढोल-नगाड़ों और भगवा ध्वजों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया।





**शौर्य, सेवा और समाज का संगम :** इस भव्य आयोजन में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न समाजों द्वारा मार्ग में सेवा स्टॉल लगाए गए, जहाँ श्रद्धालुओं को शरबत, फल और शीतल जल प्रदान कर स्वागत किया गया। इस सेवा भाव ने आयोजन को सामाजिक समरसता और सहयोग की मिसाल बना दिया। अंत में समस्त समाज प्रमुखों को शाल व श्रीफल भेंटकर सार्वजनिक सम्मान किया गया।

### महाराणा का चौक नवागढ़ का गौरव

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं थे, वे स्वाभिमान, स्वराज और आत्मबल के प्रतीक हैं। जब पूरा देश मुगलों के सामने झुका, तब वे अकेले जंगलों में संघर्ष करते रहे। आज उनका स्मारक चौक नवागढ़ के युवाओं को साहस, राष्ट्रभक्ति और आत्मबल का संदेश देता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रतिमा का अनावरण नहीं, बल्कि एक संकल्प का उद्घोष है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उसी भावना से भारत का नेतृत्व कर रहे हैं—चाहे पाकिस्तान हो या कोई अन्य दुश्मन, अब भारत केवल जवाब नहीं, बल्कि मुंहतोड़ उत्तर देता है। डॉ. सिंह ने भूमि दानकर्ता सुरेश दत्त दुबे और आयोजन समिति का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह चौक आने वाली पीढ़ियों को शौर्य, निष्ठा और सेवा का प्रतीक बनेगा।

### राष्ट्ररक्षा की प्रेरणा आज भी प्रासंगिक : सांसद विजय बघेल

सांसद विजय बघेल ने कहा कि आज भले युद्ध की शैली बदल गई है, पर राष्ट्ररक्षा का संकल्प वही है। मोदी जी उसी वीरता से पाकिस्तान को जवाब दे रहे हैं जैसी महाराणा प्रताप ने दिखाई थी। प्रतिमा अनावरण के सच्चे अधिकारी – विधायक धर्मजीत Ajun विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ को महाराणा के आदर्शों पर चलकर नेतृत्व दिया। वे इस प्रतिमा अनावरण के सच्चे अधिकारी हैं। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि यह चौक नवागढ़ के युवाओं को प्रतिदिन प्रेरणा देता रहेगा।

### गणमान्यजनों की गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर प्रह्लाद रजक, रामकमल सिंह, वर्षा विक्रम सिंह, सोम सिंह ठाकुर, अराधना सिंह, सुरेश दत्त दुबे, बजरंग सिंह, महेंद्र सिंह, होरी सिंह, वल्लभ सिंह, जवाहर सिंह, राजा ठाकुर, लक्की ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, घनश्याम सिंह, राजेश सिंह, पिंटी बैस, बलदाऊ सिंह, गणपत सिंह, पोषण सिंह, सुरेश सिंह, बलभद्र सिंह, भगवत सिंह, मुकेश बिसेन, मिंटू बिसेन, दिनेश सिंह, प्रमोद सिंह, डायमंड सिंह, पृथ्वीराज सिंह, अर्जुन सिंह, नरेंद्र सिंह, अजय सिंह, हुलास भुवाल, निहाल ठाकुर, लाला ठाकुर, पीयूष नरेंद्र ठाकुर, गणेश सिंह, रामकमल सिंह, लोकनाथ सिंह, गजानन सिंह, रघुराज प्रताप सिंह, सोम सिंह, महिपाल सिंह, करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह, हिमांशु सिंह, प्रदीप सिंह, बंसी सिंह, उजागर सिंह, बंस राज सिंह, बमलेश्वर सिंह, रामानंद सिंह, विकास ठाकुर, वीरेश सिंह, विषधर सिंह, लष्मीकांत सिंह, सनत सिंह, दिनेश परिहार, अर्णव प्रताप सिंह, प्रत्युष सिंह, जयप्रकाश सिंह, नागेंद्र प्रताप सिंह, श्रीहरि सिंह, रघुकुल सिंह, राधाचरण सिंह, रविकांत सिंह, जय जय राम सिंह, राजाराम सिंह, प्रफुल्ल सिंह, भवानी सिंह, रविराज सिंह, हर्षवर्धन सिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन मौजूद रहे।

---

# ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का 25 महिलाओं को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले में बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक नई पहल की गई है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बेमेतरा नगर के वार्ड क्रमांक 14 व 17 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में 8 मई से निःशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

इस प्रशिक्षण में कुल 25 किशोरी बालिकाएं एवं महिलाएं शामिल हैं, जिन्हें 15 दिनों तक ब्यूटी पार्लर ट्रेड में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन अनुभवी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया जा रहा है, जिससे प्रशिक्षार्थियों को स्वरोजगार का अवसर मिल सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर



संरक्षण अधिकारी यशोदा साहू, पर्यवेक्षक अंकिता साहू एवं शैलजा साहू, जेंडर विशेषज्ञ सेवन्तिका साहू सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सनत साहू एवं प्रणिता भी मौजूद रहीं। जिला प्रशासन की यह पहल नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है। इससे महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बनेंगी, बल्कि समाज में अपनी आर्थिक पहचान भी स्थापित कर सकेंगी।

# थानखम्हरिया में पीएमश्री सेजेस विद्यालय में लॉटरी प्रक्रिया से विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थानखम्हरिया

पीएमश्री सेजेस विद्यालय थानखम्हरिया में शनिवार को एलकेजी और कक्षा पहली की रिक्त सीटों के लिए लॉटरी प्रक्रिया द्वारा विद्यार्थियों का चयन किया गया। विद्यालय में एलकेजी हेतु 20 और कक्षा पहली के लिए 20 सीटें रिक्त थीं। इसके लिए 10 अप्रैल से 5 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। एलकेजी में 87 और कक्षा पहली में 63 आवेदन प्राप्त हुए थे। निर्धारित प्रक्रिया के तहत 8 मई तक दावा-आपत्ति का अवसर प्रदान किया गया, जिसके बाद एलकेजी में 44 और कक्षा 1 में 37 आवेदन पात्र पाए गए। इन पात्र विद्यार्थियों के बीच लॉटरी द्वारा चयन हुआ।

संपन्न लॉटरी प्रक्रिया के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, उपाध्यक्ष शरद कुंभकार, वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिंघानिया, पार्षद प्रवेश धुर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि ढाल सिंह राजपूत और अन्य मान्यवरों की उपस्थिति रही। दीप प्रज्वलन से हुई शुरुआत




कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। प्राचार्य मनीष चौबे और शिक्षकों द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। लॉटरी की पहली पर्ची वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिंघानिया द्वारा निकाली गई। पत्रकार अनिल सिंघानिया ने कहा कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत संचालित स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन लाने का कार्य कर रहे हैं। यह लॉटरी प्रक्रिया शासन की समानता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल ने राज्य सरकार की मिशन मुक्यंतक्षा योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को आमजन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभा रही है। आत्मानंद स्कूल की सीटों और आधारभूत ढांचे को बढ़ाने की आवश्यकता है, जिससे अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 70 मरीजों का परीक्षण



**बेमेतरा।** जिला चिकित्सालय बेमेतरा में शनिवार को मानसिक स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव एवं सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू के निर्देशन में तथा अस्पताल सलाहकार डॉ. स्वाति यदु के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में रायपुर से आईं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सुचिता गोयल ने लगभग 70 मरीजों की मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी जाँच की। वहीं, मनोवैज्ञानिक नरेंद्र कुमार वर्मा ने मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान किया।

शिविर के दौरान मानसिक स्वास्थ्य टीम द्वारा मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की गईं, जिसमें गोपिका जायसवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही प्रीति जंघेल ने मरीजों की काउंसिलिंग कर उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया। इस अवसर पर जिला अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह के शिविरों से मानसिक रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और आम नागरिकों को समय रहते सही परामर्श मिल पा रहा है।

# चिल्हाटी में चक्काजाम: व्यापारी, शिक्षक सहित ग्रामीणों पर लगीं डेढ़ दर्जन धाराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

21 अक्टूबर 2024 को चिल्हाटी महाराष्ट्र स्टेट हाईवे में हुए चक्काजाम को लेकर पुलिस ने जिन 11 लोगों के ऊपर एफआईआर दर्ज किए हैं, उन्हें अब अलग-अलग गैरजमानती धाराओं में जेल भेजने की कार्रवाई किया जा रहा है। जिसमें 4 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ज्ञात हो कि मिरचे मार्ग में ओवरस्पीड गाड़ी के ठोकर से एक गांव का आम युवक का निधन हो गया था] जिस पर गुस्साए ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर चालक, गाड़ी कंपनी के ऊपर कार्रवाई तथा उचित मुआवजा के लिए चिल्हाटी स्टेट हाईवे मुख्य मार्ग पर चक्काजाम किया था, जिस पर पुलिस ने 11 नामजद लोगों के नाम एफआईआर दर्ज किया था। उक्त फाइल को अब अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर को भेज दिया गया है।



### सेटलमेंट में 5 लाख मांग रहा था थानेदार

आरोप है कि इस घटना में फंसे लोगों से निलंबित चिल्हाटी थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया एफआईआर से नाम हटाने 11 लोगों से 5 लाख का डिमांड किए थे, जिसे हिरासत में लेने एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर की टीम चिल्हाटी पहुंचीं थी। जिसकी भनक लगने पर थाना प्रभारी लापता हो गए। आरोप लगाया जा रहा है कि इधर चक्काजाम मामले कि फाइल इस छापेमारी के विरोध और गुस्सा में अंबागढ़ चौकी के निरीक्षक अश्वनी राठौर को सौंपा गया है। जिसमे अब कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है। बताया गया कि घंटों चले उक्त चक्काजाम घटनाक्रम में स्थानीय लोगों के साथ मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, तत्कालीन कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव चक्काजाम को लीड कर रहे थे। जिनका नाम एफआईआर में शामिल नहीं है।

# ग्राम मटका में आज भक्त माता कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन आज ग्राम मटका में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला साहू संघ बेमेतरा एवं ग्रामीण साहू संघ मटका के संयुक्त तत्वावधान में, संघ अध्यक्ष गैंदराम साहू के निर्देशन में आयोजित हो रहा है।

- उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित कई जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ रायपुर के अध्यक्ष टहल राम साहू करेंगे। प्रमुख अतिथियों में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास बोर्ड दीपक ताराचंद साहू, संरक्षक रामकुमार साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष पंचराम साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, जिपं सदस्य हरीश साहू, जनपद अध्यक्ष जितेन्द्र साहू (साजा), जनपद अध्यक्ष खोर बाहरा साहू (नवागढ़), नप प्रतिनिधि देशुराम साहू (परपोड़ी), नप अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू (कुसमी-बेरला), नप अध्यक्ष भारती सूरज साहू (दाढ़ी), जिपं सदस्य प्रतिनिधि जितेन्द्र यदु और ग्राम सरपंच मना राम साहू सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे कलश यात्रा से होगा, इसके पश्चात 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम और 11 बजे से मंचीय कार्यक्रम तथा अतिथि स्वागत का आयोजन होगा। यह जानकारी प्रदेश साहू संघ के पूर्व संयुक्त सचिव पंचम साहू द्वारा दी गई है।

---

**स्पोकन अंग्रेजी पर जोर और अन्य गतिविधियों से हो रहे लाभान्वित**

# लावातरा स्कूल का समर क्लास विद्यार्थियों के लिए बेहद कारगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

बेरला विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा में 1 मई से समर स्पेशल क्लास का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समर स्पेशल क्लास के आयोजनकर्ता भुवन लाल साहू व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल लावातरा द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण छात्रवृत्ति परीक्षा तथा प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी देकर मानसिक योग्यता परीक्षण संबंधी विभिन्न प्रकार के प्रश्नों को हल करने के सरल तरीके सिखाए जा रहे हैं।

साथ ही उनके द्वारा स्पोकन इंग्लिश, विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने हेतु कागज एवं मिट्टी से विभिन्न वस्तुओं का निर्माण संबंधी गतिविधियां भी कराई जा रही है। समर स्पेशल क्लास के दसवें दिन उनके द्वारा



विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से कागज एवं मिट्टी के सामग्री निर्माण करने को कहा गया जिसमें विद्यार्थियों ने मिट्टी एवं कागज से विभिन्न आकर्षक चीजों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। व्याख्याता भुवन लाल साहू ने बताया कि विगत 3 वर्षों से उनके द्वारा ग्रीष्म अवकाश में समर स्पेशल क्लास का आयोजन किया जा रहा है। जो कि पूर्णतः स्वेच्छिक है। इसमें कोई भी क्लास के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

### परिणाम और बेहतर होते

विद्यार्थी उत्साह पूर्वक इसमें भाग लेते हैं। इसका अच्छा परिणाम भी प्राप्त होता है। सत्र 2023- 24 में 7 बच्चों का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ था तथा एक विद्यार्थी का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ था। गत सत्र 2024-25 में भी विद्यार्थी इन परीक्षाओं में शामिल हुए हैं जिनका परिणाम घोषित नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को इनका लाभ न केवल अभी अपितु भविष्य में जब वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होंगे वहां भी मिलेगी। जनप्रतिनिधियों तथा पालकों द्वारा शिक्षक के इस अनुकरणीय प्रयास की खूब सराहना की जा रही है। सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर साहू, पूर्व सरपंच साहेब दास कुर्रे, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति पूर्व माध्यमिक शाला सीताराम साहू, पंच प्रतिनिधि संतराम पाटिल तथा प्रधान पाठक पुष्कर परगनिहा द्वारा क्लास में आकर शिक्षक तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी ग्रामवासियों एवं आप सभी विद्यार्थियों का सौभाग्य है जो भुवन लाल साहू जैसे व्याख्याता हम सबको मिला है तथा विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया।

# स्काउट गाइड जिला संघ ने संचालित किया प्याऊ घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी जी के निर्देशानुसार एवं जिला मुख्य आयुक्त प्रणीश रजक, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के मार्गदर्शन मे स्काउट गाइड/रोवर रेजर के माध्यम से एक माह तक प्याऊ घर का संचालन किया गया।

वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से सेवाधर्म पर सतत कार्यरत स्काउट गाइड ग्रीष्मकालीन सेवा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे जिले के अलग अलग स्थल पर प्याऊ घर सेवा का संचालन नियमित रूप से करते रहे हैं, जहाँ भीषण गर्मी में प्यासे आमजन समुदाय तथा यात्रियों को शीतल जल के साथ मीठे शर्बत का वितरण किया गया । इस सेवा कार्य में ग्रामीण क्षेत्रों में भी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा, सेजेस कठिया, सेजेस बेरला, शासकीय हाईस्कूल लावातरा, हाई स्कूल खुड़मुड़ा, के स्काउट्स गाइड्स ने सक्रिय सहभागिता करते हुए जन सहयोग से सफलता पूर्वक प्याऊ घर का निरंतर संचालन किया।

जिसका समापन बेमेतरा के बस स्टैंण्ड मे किया गया ।साथ ही लगातार सेवा कार्य कर रहे स्काउट गाइड रोवर रेंजर को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। समापन कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रतिनिधि सहायक जिला परियोजना अधिकारी एपीसी भूपेंद्र साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त महेश साहू, जिला संगठन आयुक्त स्काउट फनेन्द्र कुमार लोधी, वरिष्ठ स्काउटर रेवा राम साहू, विकास खंड सचिव हिरऊ राम ध्रुव , उद्धव साहू, गाइडर पूनम सलूजा, पोखन साहू, लक्ष्मणि साहू, सेजेस कन्या बेमेतरा के गाइड्स, वीर नारायण सिँह ओपन क्रू के रोवर्स, शिव शक्ति ओपन रेंजर्स के रेंजर्स, माँ भद्र काली ओपन रेंजर्स के रेंजर्स ने कार्यक्रम मे बढ़ चढ़कर अपनी सेवाएं दिए।